bob World | बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

Azadi Ka Amrit Mahotsav

ल.अं./50/एसएलबीसी/दिसंबर 2023/५५ 07.03.2024

**राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) के समस्त सदस्यों को पत्र**

महोदय,

**विषय :- राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की दिसंबर 2023 त्रैमासांत की बैठक दिनांक 21.02.2024 का कार्यवृत्त**

कृपया दिनांक **21.02.2024** को माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त एवं कार्यवाही बिन्दु आपकी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है।

**भवदीय,**

**(समीर रंजन पंडा)**
**महाप्रबन्धक एवं संयोजक**
**राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.)**

**संलग्नक :- उपरोक्तानुसार**

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, लखनऊ अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Lucknow Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
फोन / Phone : 0522-6677607 (GM), 6677609 (Sectt.), 6677722 (DGM), 6677730 (CM), 6677721, 6677725
ई–मेल / E-mail : slbc.up@bankofbaroda.com, वेबसाइट / Website : www.slbcup.com

## राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की  दिसम्बर 2023 तिमाही की बैठक दिनांक 21.02.2024 का कार्यवृत्त

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की दिसम्बर 2023 त्रैमास की समीक्षा बैठक दिनांक 21.02.2024 को मुख्यमंत्री आवास, कालीदास मार्ग, लखनऊ में योगी आदित्यनाथ जी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में श्री सुरेश खन्ना, माननीय वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन सहित श्री दुर्गा शंकर मिश्र, आई.ए.एस, मुख्य सचिव, उ.प्र.शासन; श्री मनोज कुमार सिंह, आई.ए.एस, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ.प्र.शासन;  श्री दीपक कुमार, आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव, वित्त, उ.प्र.शासन; श्री अमित मोहन प्रसाद ,आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव, MSME, उ.प्र.शासन; श्री देवेश चतुर्वेदी, आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव, कृषि, उ.प्र.शासन;  श्री देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा; श्रीमती निशा नाम्बियार, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुम्बई; डॉ बालू केंचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ; श्री एस. वी. एस. रंगा राव, सचिव एवं आयुक्त, राजस्व परिषद; श्री आलोक कुमार, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, नियोजन, उ.प्र.शासन; डॉ हरिओम, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उ.प्र.शासन;  श्री अजय कुमार खुराना, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा; श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त ,बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ०प्र०; श्री संजय कुमार डोरा, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ; श्री समीर रंजन पंडा, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा; श्री शरद एस चांडक, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा सहभागिता की गई| बैठक में भाग लेने वाले सहभागियों की सूची संलग्न है।

### राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 23.11.2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि

सितम्बर 2023 त्रैमासांत की बैठक दिनांक 23.11.2023 के कार्यबिन्दु एवं कार्यवृत्त सभी सदस्यों को एस.एल.बी.सी. के पत्रांक ल.अं./49/एस एल बी सी/509 दिनांक 01.12.2023 के माध्यम से प्रेषित किये गये थे, जिसकी पुष्टि समिति द्वारा की गयी।

अपने स्वागत संबोधन में **श्री समीर रंजन पंडा**, महाप्रबन्धक, **बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0)** ने माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ जी; श्री सुरेश खन्ना, माननीय वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन का बैठक मे पधारने हेतु विशेष आभार व्यक्त करते हुए अन्य सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा प्रदेश में गत तिमाही के दौरान घटित महत्वपूर्ण बैंकिंग गतिविधियों से सभा को निम्नवत अवगत कराया :

- प्रदेश सरकार द्वारा समय समय पर लिए गए नए नीतिगत फैसले एवं विभिन्न नई योजनाओं के फलस्वरूप बैंकों को व्यवसाय वृद्धि हेतु नए आयाम उपलब्ध हुए है।
- पिछले 7 वर्षो मे बैंकिंग व्यवसाय रू 12.80 लाख करोड़ से बढ़कर रू 26.66 लाख करोड़ पहुंच चुका है| साथ साथ सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न रोजगार उपलब्ध कराने वाली एवं वित्तीय समावेशन के अधिकतर योजनाओ मे हमारा प्रदेश अग्रिम पंक्ति मे है|
- प्रदेश का ऋण जमानुपात दिसंबर 2023 मे 58.59% के  स्तर पर पहुंच चुका है तथा मार्च 2024 तक 60% के मानक को पार करने के लिए तत्पर है साथ ही राष्ट्रिय लक्ष्य को पार करने की ओर अग्रसर है।



बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ० प्र० अंचल कार्यालय (लखनऊ अंचल) Zonal Office, Lucknow Zone, Lucknow

- कृषि क्षेत्र में ऋण वितरण को बढ़ाने हेतु प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एक उपसमिति का गठन किया जा रहा है जिसके द्वारा कृषि क्षेत्र के अंतर्गत आ रही समस्याओ का निस्तारण कर आगामी वित्तीय वर्ष में नए रोडमैप बनाने का कार्य किया जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में अधिकाधिक ऋण वितरण किया जा सके|

**(कार्यवाही : एस.एल.बी.सी. (उ. प्र.) एवं संस्थागत वित्त विभाग)**

- बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध नयी संभावनाओं में ऋण प्रवाह की गति को तेज करते हुए उत्तम ग्राहक सेवा के लिए समस्त बैंको से आहवाहन किया|
- प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित किए गए 1Trillion $ economy के लक्ष्य को प्राप्त करने में समस्त बैंकर्स द्वारा अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया|

अंत में उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री महोदय को पुनः उनके अमूल्य समय हेतु हृदय से आभार व्यक्त किया ।

**श्री देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकरी अधिकारी,** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने संबोधन मे माननीय मुख्य मंत्री महोदय तथा श्री सुरेश खन्ना, माननीय वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश का अभिवादन करते हुए सभा में उपस्थित प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियो ,भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रतिनिधियों सहित समस्त बैंको व अन्य वित्तीय संस्थानो के अधिकारीगणों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कुछ महत्वपूर्ण मुद्दो पर प्रकाश डाला :

- RBI की Half yearly Financial Stability Report के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था आज एक मज़बूत स्थिति में है। रिपोर्ट में मुद्रास्फीति, Current Account Deficit को कम करने तथा विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के प्रयासों को रेखांकित किया गया है ।
- वित्त मंत्रालय , भारत सरकार के अनुसार वर्ष 2030 तक भारत $7 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।
- प्रदेश में बैंकिंग सेवाओं को विस्तार देने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा "ONE GP ONE BC" कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में 58,000 बी .सी .सखी की नियुक्त की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई तथा अद्यतन स्थिति के अनुसार 38,000 से अधिक बी सी सखियों को ऑनबोर्ड किया जा चुका है।
- मार्च 2017 में प्रदेश मे कुल बैंकिंग आउटलेट्स की संख्या 59983 थी जो 2,44,292 बैंकिंग आउटलेट्स (407%) की वृद्धि के साथ दिसंबर 2023 मे बढ़कर 3,04,275 बैंकिंग आउटलेट्स पहुंच गई है जिसमे 19833, बैंक शाखाएं, 19,602 ए.टी.एम.,तथा 2,64,840 बैंक मित्रों एवं बी सी सखी शामिल है|
- भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना - प्रधानमंत्री जनधन योजनांतर्गत दिसंबर 2023 प्रदेश मे लगभग 9.17 करोड़ खाते खोले जा चुके है जो मार्च 2022 मे खोले गए कुल खातो 7.92 करोड़ मे 1.24% की वृद्धि दर्शाता है|
- प्रदेश में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के अंतर्गत मार्च 2022 में क्रमश: 3.74 करोड़, 1.12 करोड़ एवं 0.60 करोड़ नामांकन किये गये जो दिसम्बर 2023 में बढ़कर क्रमश: 5.78 करोड़, 1.99 करोड़ एवं 0.97 करोड़ नामांकन हो गये है।
- दिसम्बर 23 तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत 5.78 करोड़ नामांकन एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 1.99 करोड़ नामांकन के साथ हमारा प्रदेश पूरे भारत वर्ष में प्रथम स्थान पर है।

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ.प्र. अंचल कार्यालय (लखनऊ अंचल) Zonal Office (Lucknow Zone) Lucknow

**श्रीमती निशा नाम्बियार, मुख्य महाप्रबंधक,** भारतीय **रिजर्व बैंक, मुंबई** ने अपने सम्बोधन मे सभा के समक्ष निम्न बिन्दुओ पर प्रकाश डाला :

- डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व मे -4- जनपदो को पूर्णत: डिजटलीकृत किया जा चुका है| कार्यक्रम का विस्तार करते हुए प्रदेश के समस्त जनपदो को डिजटलीकृत करने के साथ साथ जनपदो में डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम का विस्तार और सुदृढ़ किया जाना है|
- प्रदेश मे कार्यरत समस्त बैंक शाखाओ द्वारा डिजीटल उत्पादो की आमजनमानस के मध्य जागरूकता उत्पन्न करने हेतु डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया जाना चाहिए|

**(कार्यवाही : समस्त बैंक)**

- प्रदेश मे समाज के विभिन्न वर्गो, बैंकर्स एवं एम.एस.एम.ई. के मध्य जागरूकता उत्पन्न करने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय समय पर शिविर, कार्यशालाएं और टाउन हॉल बैठकें आयोजित की जा रही है| UTKARSH 2.0 milestones तक पहुंचने हेतु चरण 3 मे 143 CFLs मार्च 2024 तक संचालित किए जाने हेतु समस्त हितधारको से अनुरोध किया|

**श्री दुर्गा शंकर मिश्र, आई. ए. एस., मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन** ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय तथा वित्त मंत्री महोदय, उत्तर प्रदेश का स्वागत करते हुए सभा में उपस्थित समस्त अथितियो का अभिवादन किया तथा निम्न बिन्दुओ पर प्रकाश डाला:

- प्रदेश में बैंकिंग आउटलेट्स की संख्या 3 लाख से अधिक करने पर उन्होंने सभी बैंकर्स को बधाई दी।
- C:D ratio में हुई प्रगति में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनायो के फलस्वरूप प्रदेश में निवेश की असीम सम्भावनाये उपलब्ध हुई है, उन्होंने सभी बैंकर्स से इन संभावनायो का लाभ लेते हुए प्रदेश का ऋण प्रवाह बढ़ाते हुए शीघ्र C:D ratio को राष्ट्रीय औसत के बराबर करने का आहवाहन किया।

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

**श्री मनोज कुमार सिंह, आई.ए.एस, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन** नें माननीय मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्य अतिथियों का अभिवादन करते हुए अपने सम्बोधन में निम्न बिदुओं को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया:-

- प्रदेश के C:D ratio में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके लिए सभी बैंकर्स बधाई के पात्र है।
- 40% से कम ऋण जमानुपात वाले जनपदो मे विशेष कार्ययोजना बना के कार्य करने की आवश्यकता है।
- बैंकिंग सेवाओ को सुदूर गाँव में पहुचाने में BC model ने उल्लेखनीय कार्य किया है, तथा महिलायों ने इसके अंतर्गत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है विगत -2- वर्षो में 36,000 से अधिक BC सखी onboard हुई है, जिनके द्वारा रू 54 करोड़ से अधिक का commison अर्जित किया है।
- प्रदेश सरकार द्वारा संचालित BC सखी योजनान्तर्गत Paytm पेमेंट बैंक को आवंटित -7- जनपदों का कार्यभार भारतीय स्टेट बैंक को स्थानांतरित करते हुए आवश्यक कार्यवाही अविलंब पूर्ण करने के निर्देश दिए ।

**(कार्यवाही: भारतीय स्टेट बैंक)**

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ० प्र० आंचलिक कार्यालय (लखनऊ अंचल) Zonal Office (Lucknow Zone) Lucknow

**श्री अमित मोहन प्रसाद ,आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव, एम.** एस. एम. ई., **उत्तर प्रदेश शासन** ने गणमान्य अतिथियों का अभिवादन करते हुए अपने सम्बोधन में निम्न बिदुओं को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया :-

- ❖ प्रदेश के शिक्षित युवाओ को रोजगार देने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा एक नयी योजना का शुभ आरम्भ किया गया है जिसके अंतर्गत नए उद्यमियों को रू 5 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा, तथा इस योजना अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा प्रति वर्ष 1 लाख नए उद्यम लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

**डॉ हरिओम, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उत्तर** प्रदेश शासन ने अपने संबोधन में सभा को अवगत कराते हुए कहा कि :

- ❖ अनुसूचित जाति/ जनजाति के 5,000 से अधिक आबादी के गाँव में "प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना" (PM-AJAY) का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाए जाने हेतु सभी बैंको से आग्रह किया।

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

**श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक , संस्थागत वित्त ,बीमा एवं** वाह्य सहायतित **परियोजना महानिदेशालय, उ०प्र०** ने अपने संबोधन में सभा को निम्नवत अवगत कराया :

- ❖ प्रदेश में बैंकों द्वारा विभिन्न मापदंडो पर हुई प्रगति पर सभी बैंकर्स की प्रशंसा करते हुए उन्होंने सभी बैंकों से वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिये ।

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

**श्री सुरेश कुमार खन्ना, माननीय वित्त मंत्री, प्रदेश सरकार** ने अपने संबोधन मे प्रदेश मे ऋण जमानुपात के अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंको को बधाई दी| साथ ही उन्होने प्रदेश के आमजनमानस को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान किए जाने हेतु समस्त बैंको से आहवाहन किया| उन्होने प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित किए गए बेहतर वातावरण में बैंको को समस्त बैंकिंग सुविधाएं निर्बाध रूप से प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया|

सभी गणमान्य अतिथियों के सम्बोधन के पश्चात सभा के समक्ष पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति दी गयी जिसके माध्यम से विस्तृत रूप से विभिन्न एजेंडा बिन्दुओ पर चर्चा की गई ।

**माननीय मुख्यमंत्री महोदय** का उदबोधन

**योगी आदित्यनाथ जी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने सभा में** मौजूद प्रदेश **सरकार,** भारतीय रिजर्व **बैंक तथा** नाबार्ड **एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण को समीक्षा बैठक में निम्नवत** सम्बोधित **किया:**

- ❖ प्रदेश में कार्यरत सभी वित्तीय संस्थानों कि सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, शाखाओ की बेहतर निगरानी हेतु उन्होंने सभी बैंक शाखाओ में CCTV लगवाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**



बैंक ऑफ़ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ० प्र० Zonal Office (Lucknow) आंचलिक कार्यालय (लखनऊ)

- ऋण जमानुपात में हुई वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की इस दिशा में हुए कार्यो के फलस्वरूप प्रदेश में विगत -7- वर्षो में प्रति व्यक्ति आय दुगनी हुई है। उन्होंने समस्त बैंकों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश का ऋण जमानुपात 65% करने का लक्ष्य दिया।

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

- उन्होंने प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों एवं वरिष्ठ अधिकारियो को बैंकर्स के साथ निरन्तर संवाद करते हुए बैंकिंग सेवा आम जन मानस तक सुचारू रूप से पहुचाने के निर्देश दिए ।

- माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने संस्थागत वित्त ,बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ०प्र० को निर्देशित किया की राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की त्रैमासिक समीक्षा मुख्य सचिव महोदय द्वारा तथा छमाही समीक्षा मुख्यमंत्री द्वारा कराना सुनिश्चित करें ।

**(कार्यवाही: संस्थागत वित्त ,बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ०प्र०)**

**बैठक के दौरान माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 1 लाख किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण, 1,111 बैंकिंग outlets का शुभारंभ सहित 10 BC सखियों को टूल किट वितरण भी किया गया।**

- मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक का संज्ञान लेते हुए सभी बैंकों से प्रदेश में सभी केन्द्रो पर निरंतर निर्बाध रूप से समस्त बैंकिंग सेवाएं प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया|

बैठक के अंत में श्री शरद स. चांडक, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का बैठक हेतु समय देने तथा उनके अमूल्य मार्गदर्शन हेतु विशेष आभार व्यक्त किया तथा सभी बैंकर्स की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री महोदय को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए आदेशो का पूर्ण रूप से पालन सभी बैंकों के द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने श्री सुरेश कुमार खन्ना, वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश शासन, प्रदेश सरकार के समस्त वरिष्ठ अधिकारीगणो एवं बैंको से पधारे अधिकारियों का आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न की जा सकी|

*****************